अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2020
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** जूल मात्रक है- **(1)**

(A) कार्य का (B) ऊर्जा का

(C) कार्य और ऊर्जा दोनों का (D) शक्ति का

**2.** रबी की फसल है- **(1)**

(A) मक्का (B) ज्वार

(C) बाजरा (D) चना।

**3.** चन्द्रग्रहण की घटना होती है- **(1)**

(A) अमावस्या के दिन (B) पूर्णिमा के दिन

(C) अमावस्या की रात (D) कभी भी।

**4.** D.P.T. के टीके से बचाव होता है- **(1)**

(A) डिप्थीरिया का (B) काली खाँसी का

(C) टिटनेस का (D) उपर्युक्त तीनों का।

**5.** $CaSO_{4}$ में Ca की संयोजकता है- **(1)**

(A) +1 (B) +2

(C) -2 (D) -1

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** नाभिकीय ऊर्जा किसे कहते हैं? इसका उपयोग क्या है? **(1)**

**7.** प्रथम वर्ग के उत्तोलक को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए। **(1)**

**8.** जल में घुलनशील तथा वसा में घुलनशील विटामिन के दो-दो उदाहरण लिखिए। **(1)**

**9.** जल प्रदूषण के मुख्य कारण लिखिए। **(1)**

**10.** वसा को कितने समूहों में बाँटा गया है? **(1)**

**11.** दिये गये समीकरण को पूरा कीजिए- **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** भौतिक तथा रासायनिक परिवर्तन में क्या अन्तर है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** मृदा प्रदूषण के स्रोत एवं प्रभाव लिखिए। **(2)**

**14.** मनुष्य के श्वसन तन्त्र का नामांकित चित्र बनाइए। **(2)**

**15.** प्रोकैरियोटिक तथा यूकैरियोटिक कोशिकाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**16.** उत्तोलक क्या है? इसके प्रकार उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**17.** निम्नलिखित के सूत्र एवं एक-एक उपयोग लिखिए- **(2)**

**18.** सन्तुलित आहार क्या है? मनुष्य के लिए सन्तुलित आहार क्यों आवश्यक है? **(2)**


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/vigyan/2020

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/vigyan/

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN